2. **किसने, किससे कहा—**

| | किसने कहा | किससे कहा |
|---|---|---|
| क. "यह तीसरी गुड़िया सबसे अच्छी है।" | बीरबल ने | अकबर से |
| ख. "बीरबल ने एकदम सही पहचाना।" | कलाकार ने | अकबर से |
| ग. "तुम्हारा कोई जवाब नहीं।" | अकबर ने | बीरबल से |

3. **सही उत्तर चुनकर ✓ लगाओ—**

क. कलाकार किसके दरबार में आया?

- [ ] राजा कृष्णदेव के
- [x] अकबर के
- [ ] महाराणा प्रताप के
- [ ] शिवाजी के

ख. कलाकार के पास कितनी गुड़ियाँ थीं?

- [ ] दो
- [ ] एक
- [ ] चार
- [x] तीन

Values
• respect • obedience

## *मूल्यपरक प्रश्न L.O. 3

हमें बड़ों की बातें ध्यान से क्यों सुननी चाहिए? *(Critical Thinking)*

## भाषा-ज्ञान L.O. 6

1. **एक-दूसरे का उलटा अर्थ देने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।**

**इन शब्दों के विलोम शब्द लिखो—**

• opposite

| | | | |
|---|---|---|---|
| बाहर — | अंदर | पास — | दूर |
| आना — | जाना | गुण — | दोष |
| अच्छी — | बुरी | सुंदर — | असुंदर |

***अध्यापन निर्देश**

मूल्यपरक प्रश्न में निहित जीवन-मूल्यों को आधार बनाते हुए अध्यापक/अध्यापिका शिक्षार्थियों को अपने से बड़ों का आदर करने एवं आज्ञाकारी बनने के लिए प्रेरित करते हुए उनके सामाजिक एवं भावनात्मक कौशलों को परिष्कृत करें।



Scanned with OKEN Scanner

• synonyms

2. इन शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखो—

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रयास — | कोशिश | हवा — | वायु |
| हाथ — | कर | मुँह — | मुख |
| तोहफ़ा — | उपहार | आदमी — | पुरुष |

• ड-ढ और
• ड़-ढ़ के शब्द

3. पढ़ो, समझो और दिए गए शब्द सही जगह में लिखो—

गुड़िया, डाक, ढीला, पढ़ना, ढक्कन, डर, बढ़ना, घड़ा

| (ड) | (ढ) | (ड़) | (ढ़) |
|---|---|---|---|
| डर | ढक्कन | गुड़िया | पढ़ना |
| डाक | ढीला | घड़ा | बढ़ना |

• है-हैं का प्रयोग

4. खाली स्थान में है अथवा हैं शब्द का सही प्रयोग करो—

क. ये गुड़ियाँ तो हूबहू एक जैसी हैं।

ख. मुझे विश्वास है कि तुम सफल होगे।

ग. सच्चे लोग श्रेष्ठ होते हैं।

घ. तीसरी गुड़िया सबसे अच्छी है।

• spelling-system

5. इन शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो—

गुड़िया — ग् + उ + ड़् + इ + य् + आ

कलाकार — क् + अ + ल् + आ + क् + आ + र् + अ

अकबर — अ + क् + अ + ब् + अ + र् + अ

तीसरी — त् + ई + स् + स + र् + ई

बीरबल — ब् + ई + र + अ + ब् + अ + ल् + अ

Scanned with OKEN Scanner